सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 23 फरवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को महाकुंभ 2025 के पुण्य अवसर पर पावन दिव्य त्रिवेणी संगम पर स्नान किया। उन्होंने पतित पावनी मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल ने कहा ''आज प्रयागराज के दिव्य और अलौकिक महाकुंभ में आस्था, अध्यात्म और निर्मलता के पावन संगम में स्नान कर मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा के इस पवित्र संगम में डुबकी लगाकर मन शुद्धता, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत–प्रोत हो उठा।''

...........0............